Adda247
GET IT ON Google Play

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन ० ०८ /२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

सत्यमेव जयते

Test Date	15/12/2025
Test Time	12:45 PM - 2:15 PM
Subject	RRB Level 01 Stage I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **General Science**

Q.1 किस बहुपरमाणुक आयन का ‘n’ मान 3 के बराबर होता है?

Ans
- ✗ A. SO4–n
- ✓ B. PO4–n
- ✗ C. CO3–n
- ✗ D. HCO3–n

Q.2 एक वस्तु 20 cm फोकस दूरी वाले अवतल दर्पण से 30 cm की दूरी पर रखी गई है। दर्पण सूत्र का उपयोग करते हुए, प्रतिबिंब की दूरी क्या होगी?

Ans
- ✗ A. −40 cm
- ✗ B. −12 cm
- ✓ C. −60 cm
- ✗ D. −2.5 cm

Q.3 यदि एक पुस्तक मेज पर रखी है और हिल नहीं रही है, तो कौन-से बल संतुलित हैं?

Ans
- ✗ A. केवल पुस्तक का वजन ही कार्य करता है
- ✓ B. पुस्तक का भार और मेल द्वारा सामान्य प्रतिक्रिया
- ✗ C. पुस्तक का भार और घर्षण
- ✗ D. सामान्य प्रतिक्रिया और घर्षण

Q.4 निम्नलिखित में से कौन-सा पादप ऊतक, दोनों दिशाओं में पदार्थों के संचलन को होने देता है?

Ans
- ✗ A. जाइलम (Xylem)
- ✗ B. दृढ़ोतक (Sclerenchyma)
- ✗ C. फाइबर (Fibres)
- ✓ D. पोषवाह (Phloem)

Q.5 मनुष्यों में, बच्चे का लिंग कैसे निर्धारित होता है?

Ans
- ✗ A. बच्चे को वंशागति में मिले गुणसूत्रों की संख्या में अंतर द्वारा
- ✗ B. माता से X गुणसूत्र की वंशागति द्वारा
- ✓ C. पिता से X या Y गुणसूत्र की वंशागति द्वारा
- ✗ D. गर्भ के विकास के दौरान प्रचलित पर्यावरणीय परिस्थितियों द्वारा

Adda247

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

25,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Q.6 निम्नलिखित कथनों के संबंध में सही विकल्प का चयन कीजिए।

कथन-1: निलंबन एक समांगी मिश्रण है।
कथन-2: निलंबन के कणों को नग्न आंखों से देखा जा सकता है।
कथन-3: जब निलंबन को अप्रभावित छोड़ दिया जाता है, तो विलेय के कण नीचे बैठ जाते हैं, अर्थात निलंबन अस्थिर होता है।

Ans
- ✗ A. कथन 1, 2 और 3 सही हैं
- ✗ B. कथन 1 और 2 सही हैं
- ✓ C. कथन 2 और 3 सही हैं
- ✗ D. कथन 1, 2 और 3 गलत हैं

Q.7 तीन कार्बन परमाणुओं की एक सीधी श्रृंखला जिसमें कोई द्विआबंध नहीं है और पहले कार्बन परमाणु पर -OH प्रकार्यात्मक समूह है, उसे क्या नाम दिया गया है?

Ans
- ✗ A. प्रोपेन
- ✗ B. प्रोपेनोन
- ✓ C. प्रोपेनॉल
- ✗ D. प्रोपेनल

Q.8 द्रव कम संपीड्य होते हैं, क्योंकि _______________________।

Ans
- ✓ A. कणों में मध्यम अंतराल होते हैं
- ✗ B. उनका द्रव्यमान सदैव निश्चित रहता है
- ✗ C. उनका घनत्व सदैव ठोसों से कम होता है
- ✗ D. उनमें घुलित गैसें होती हैं

Q.9 निम्नलिखित में से कौन-सा अधातुओं का विशिष्ट भौतिक गुण है?

Ans
- ✗ A. वे आघातवर्धनीय और ध्वानिक होते हैं।
- ✗ B. वे गर्मी और बिजली का अच्छा चालन करते हैं।
- ✗ C. वे धातुओं की तरह तन्य और चमकदार होते हैं।
- ✓ D. वे भंगुर होते हैं और बिजली के खराब सुचालक होते हैं।

Q.10 निम्नलिखित में से कौन-सा, जटिल स्थायी ऊतक का एक उदाहरण है?

Ans
- ✗ A. स्थूलकोण ऊतक (Collenchyma)
- ✓ B. फ्लोएम (Phloem)
- ✗ C. पार्श्व विभज्योतक (Lateral meristem)
- ✗ D. वायूतक (Aerenchyma)

Q.11 मिट्टी में फेंके जाने पर निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ पर्यावरण में लम्बे समय तक बना रहेगा?

Ans
- ✗ A. आम का बीज
- ✗ B. रोटी के टुकड़े
- ✗ C. सेब का छिलका
- ✓ D. टूटे हुए कांच के टुकड़े

Q.12 किसी वस्तु की तेजी से आगे-पीछे होने वाली गति को कौन-सा शब्द वर्णित करता है, जो ध्वनि उत्पन्न करने के लिए आवश्यक है?

Ans
- ✗ A. संपीडन
- ✓ B. कंपन
- ✗ C. विरलन
- ✗ D. अपवर्तन

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.13 निम्नलिखित में से कौन-सी एक समुद्री मछली नहीं है?

Ans
- ✗ A. मैकेरेल (Mackerel)
- ✗ B. पॉम्फ्रेट (Pomfret)
- ✗ C. भेटकी (Bhetki)
- ✓ D. रोहू (Rohu)

Q.14 यदि पिता के लिंग गुणसूत्र XY हैं और माता के लिंग गुणसूत्र XX हैं तो पुत्र होने की संभावना कितने प्रतिशत है?

Ans
- ✗ A. 25%
- ✓ B. 50%
- ✗ C. 75%
- ✗ D. 100%

Q.15 एक निश्चित पदार्थ से बने तार का प्रतिरोध 12 Ω है, जिसकी लम्बाई l तथा अनुप्रस्थ-परिच्छेदीय क्षेत्रफल A है। उसी पदार्थ से बने परंतु लम्बाई l/3 तथा अनुप्रस्थ-परिच्छेदीय क्षेत्रफल 2A वाले दूसरे तार का प्रतिरोध कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 1 Ω
- ✗ B. 0.5 Ω
- ✗ C. 4 Ω
- ✓ D. 2 Ω

Q.16 प्लाज्मा झिल्ली के भीतर तरल पदार्थ सामग्री को क्या कहा जाता है, जिसमें कई विशिष्ट कोशिकांग भी होते हैं?

Ans
- ✗ A. वैक्यूओप्लाज्म (vacuoplasm)
- ✓ B. कोशिकाद्रव्य (cytoplasm)
- ✗ C. केंद्रकद्रव्य (nucleoplasm)
- ✗ D. प्लाज़्मिन (plasmin)

Q.17 निम्नलिखित धात्विक ऑक्साइडों की प्रकृति और भूमिका का मिलान करें।

कॉलम A (पदार्थ)	कॉलम B (अभिक्रिया में भूमिका)
A. CuO	1. अभिक्रिया में निर्मित लवण
B. HCl	2. अम्ल की मूल ऑक्साइड के साथ अभिक्रिया
C. $CuCl_2$	3. क्षारीय ऑक्साइड अम्ल के साथ अभिक्रिया करता है
D. H_2O	4. उदासीनीकरण उत्पाद

Ans
- ✗ A. A - 3; B - 4; C - 1; D - 2
- ✗ B. A - 4; B - 1; C - 2; D - 3
- ✓ C. A - 3; B - 2; C - 1; D - 4
- ✗ D. A - 2; B - 3; C - 4; D - 1

Q.18 शुक्राणुओं का परिवहन आसान बनाने और पोषण प्रदान करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी ग्रंथि अपना स्राव मिश्रित करती है?

Ans
- ✓ A. प्रोस्टेट और शुक्राशय (Prostate and seminal vesicles)
- ✗ B. केवल प्रोस्टेट (Prostate)
- ✗ C. केवल शुक्राशय (Seminal vesicles)
- ✗ D. पिनियल (Pineal)

Q.19 जिप्सम से प्लास्टर ऑफ पेरिस बनाने में कौन-सी रासायनिक अभिक्रिया शामिल है?

Ans
✗ A. CaSO4·½H2O + जल → CaSO4·2H2O
✓ B. CaSO4·2H2O + ऊष्मा → CaSO4·½H2O + 1½H2O
✗ C. CaCO3 + ऊष्मा → CaO + CO2
✗ D. CaSO4·2H2O + ऊष्मा → CaSO4 + 2H2O

Q.20 द्रव्यमान (m) वाले एक पिंड पर कोई बल F कार्य करता है जिससे त्वरण (a) उत्पन्न होता है। यदि बल $3F$ हो जाए तथा पिंड का द्रव्यमान घटकर $m/2$ हो जाए, तो $'a'$ के पदों में नए त्वरण का मान क्या है?

Ans
✗ A. a
✓ B. $6a$
✗ C. $a/6$
✗ D. $a/2$

Q.21 एक स्थिर बल द्वारा किया गया कार्य निम्नलिखित में से किस पर निर्भर करता है?

Ans
✗ A. वस्तु का द्रव्यमान
✗ B. केवल बल का परिमाण
✓ C. बल और विस्थापन दोनों, तथा उनके बीच का कोण
✗ D. केवल विस्थापन

Q.22 दिए गए कथनों को पढ़ें और सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें।

कथन 1: दर्पण सूत्र अवतल और उत्तल दोनों दर्पणों पर लागू होता है, बशर्ते चिह्न परिपाटी का पालन किया जाए।
कथन 2: दर्पण सूत्र की वैधता वस्तु के आकार पर निर्भर करती है।

Ans
✗ A. कथन 1 और 2 दोनों सही नहीं हैं।
✓ B. केवल कथन 1 सही है।
✗ C. कथन 1 और 2 दोनों सही हैं।
✗ D. केवल कथन 2 सही है।

Q.23 12 Ω, 6 Ω और 4 Ω के तीन प्रतिरोधक समानांतर क्रम में जुड़े हुए हैं। तुल्य प्रतिरोध ________ है।

Ans
✗ A. 22 Ω
✗ B. 0. 05 Ω
✗ C. 1 Ω
✓ D. 2 Ω

Q.24 सूचक के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

a. हल्दी एक प्राकृतिक सूचक है, जिसका उपयोग अम्ल-क्षारक अनुमापन के लिए किया जाता है।
b. फीनॉलफ्थेलिन (Phenopthalein), क्षारीय माध्यम में रंगहीन होता है तथा अम्लीय माध्यम में गुलाबी रंग उत्पन्न करता है।
c. लौंग के तेल को घ्राण (olfactory) सूचक के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

Ans
✗ A. b और c
✗ B. केवल b
✓ C. a और c
✗ D. केवल a

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.25 एक गेंद को 12 m/s के प्रारंभिक वेग से ऊपर की ओर फेंका जाता है। 1 सेकंड बाद इसका वेग कितना होगा? (g = 9.8 m/s^2 लीजिए)

Ans
- ✔ A. 2.2 m/s
- ✗ B. 21.8 m/s
- ✗ C. 12 m/s
- ✗ D. 0 m/s

Section : **Mathematics**

Q.26 एक क्रिकेटर का 10 पारियों में औसत 88 रन है। यदि वह 11वीं पारी में 219 रन बनाता है, तो उसके औसत स्कोर में कितने रन (निकटतम पूर्ण संख्या तक पूर्णांकित) की वृद्धि होगी?

Ans
- ✗ A. 6
- ✔ B. 12
- ✗ C. 2
- ✗ D. 19

Q.27 126 km/hr की चाल किसके समान है?

Ans
- ✔ A. 35 m/sec
- ✗ B. 37 m/sec
- ✗ C. 32 m/sec
- ✗ D. 30 m/sec

Q.28 $\frac{2}{3} \div \frac{12}{11}$ of $8\frac{1}{4} + 4\frac{1}{7} - 5\frac{1}{2} \times 1\frac{1}{7} + 5\frac{1}{3}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. $\frac{617}{189}$
- ✗ B. $\frac{389}{53}$
- ✗ C. $\frac{511}{105}$
- ✗ D. $\frac{131}{17}$

Q.29 प्रेक्षणों 61, 33, 94, 48, 36, 93, 73, 94 और 53 का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 56
- ✗ B. 71
- ✗ C. 61
- ✔ D. 65

Q.30 एक त्रिभुज की भुजाएं 34 cm, 88 cm और 78 cm हैं। 88 cm लंबाई वाली भुजा के संगत इसके शीर्षलंब की लंबाई कितनी है?

Ans
- ✗ A. 19 cm
- ✗ B. 9 cm
- ✔ C. 30 cm
- ✗ D. 79 cm

Q.31 एक टाइपिस्ट को 4 पृष्ठ टाइप करने में 40 मिनट लगते हैं। 111 पृष्ठ टाइप करने में उसे कितना समय (मिनट में) लगेगा?

Ans
- ✔ A. 1110
- ✗ B. 1100
- ✗ C. 1115
- ✗ D. 1120

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.32 यदि 5 पुरुष और 2 महिलाएं 3 दिनों में 48 हेक्टेयर की कटाई कर सकते हैं, और यदि 3 पुरुष और 1 महिला 6 दिनों में 54 हेक्टेयर की कटाई कर सकते हैं, तो 14 दिनों में 378 हेक्टेयर की कटाई करने के लिए 6 पुरुषों की सहायता के लिए कितनी महिलाओं की आवश्यकता होगी?

Ans
- ✗ A. 9
- ✓ B. 5
- ✗ C. 3
- ✗ D. 7

Q.33 नीले, पीले और नारंगी टोकन वाली एक थैली में, नीले और पीले टोकन का अनुपात 5 : 2 था, जबकि नारंगी और नीले टोकन का अनुपात 11 : 18 था। नारंगी और पीले टोकन का अनुपात क्या था?

Ans
- ✓ A. 55 : 36
- ✗ B. 63 : 39
- ✗ C. 59 : 40
- ✗ D. 51 : 32

Q.34 एक त्रिभुजाकार बगीचे के शीर्ष निर्देशांक A(2, 3), B(8, 11), और C(14, 7) पर हैं। एक भूदृश्य डिज़ाइनर इस त्रिभुजाकार क्षेत्र के ठीक आधे हिस्से पर फूल लगाना चाहता है। फूलों से कितना क्षेत्र ढका होना चाहिए?

Ans
- ✓ A. 18 वर्ग इकाइयाँ
- ✗ B. 36 वर्ग इकाइयाँ
- ✗ C. 24 वर्ग इकाइयाँ
- ✗ D. 12 वर्ग इकाइयाँ

Q.35 अमित और गीता की आयु का अनुपात 6 : 5 है और उनकी आयु का योग 44 वर्ष है। अमित की आयु ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 20 वर्ष
- ✓ B. 24 वर्ष
- ✗ C. 30 वर्ष
- ✗ D. 28 वर्ष

Q.36 $75x^2$ और 30xy का तृतीयानुपाती कितना है?

Ans
- ✓ A. 12y2
- ✗ B. 11y2
- ✗ C. 13y2
- ✗ D. 9y2

Q.37 दो बैंक, A और B, क्रमशः 3.5% और 7.5% वार्षिक दर से ऋण देते हैं। सचिन ने प्रत्येक बैंक से ₹2,00,000 उधार लिए। 4 वर्षों के बाद सचिन द्वारा दोनों बैंकों को दिए गए साधारण ब्याज की राशि के बीच धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 31,500
- ✓ B. 32,000
- ✗ C. 33,000
- ✗ D. 33,500

Q.38 यदि किसी घनाभ की लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई को दोगुना कर दिया जाए, तो इसका संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल, मूल संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल का ________ हो जाता है।

Ans
- ✗ A. 3 गुना
- ✗ B. 8 गुना
- ✓ C. 4 गुना
- ✗ D. 2 गुना

Adda247

GET IT ON Google Play

Q.39 प्रभदीप 60 समान कलम ₹900 में खरीदती है। वह उनमें से 45 कलम को 20% के लाभ पर तथा शेष को 40% की हानि पर बेचती है। पूरे सौदे में कुल लाभ या हानि प्रतिशत कितना है?

Ans
- ✔ A. 5% लाभ
- ✘ B. 5% हानि
- ✘ C. 9% हानि
- ✘ D. 9% लाभ

Q.40 रघु की आय और व्यय का अनुपात 2 : 1 है। उसकी आय में 30% की वृद्धि हुई और व्यय में 10% की कमी हुई। यदि प्रारंभिक व्यय ₹35,000 था, तो उसकी अंतिम बचत (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 69,500
- ✘ B. 68,500
- ✘ C. 58,500
- ✔ D. 59,500

Q.41 यदि किसी संख्या के 20% को 72 में जोड़ा जाए, तो परिणाम में वही संख्या प्राप्त होती है। उसी संख्या का 70% कितना होगा?

Ans
- ✔ A. 63
- ✘ B. 73
- ✘ C. 93
- ✘ D. 83

Q.42 निशा अपनी माता के लिए सोने की एक अंगूठी खरीदती है। अंगूठी का अंकित मूल्य ₹88,000 है और उस पर क्रमशः 25% और Z% की दो क्रमिक छूट दी जाती है। दोनों छूट प्राप्त करने के बाद, वह ₹33,000 का भुगतान करती है। Z का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 51
- ✘ B. 48
- ✘ C. 49
- ✔ D. 50

Q.43 यदि $x + y = 10$ और $xy = 24.96$ है, तो $(x - y)^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 1.69
- ✘ B. 0.49
- ✔ C. 0.16
- ✘ D. 2.25

Q.44 72 km/hr की चाल से जा रही ट्रेन P, समान्तर पटरियों पर उसी दिशा में 42 km/hr की चाल से जा रही 393 m लम्बी ट्रेन Q को 1.5 मिनट में पूरी तरह से पार कर लेती है। ट्रेन P को विपरीत दिशा में 63 km/hr की चाल से जा रही 468 m लम्बी ट्रेन R को पूरी तरह से पार करने में कितना समय (सेकेंड में) लगेगा?

Ans
- ✔ A. 22
- ✘ B. 10
- ✘ C. 24
- ✘ D. 32

Q.45 A, B और C में से प्रत्येक अकेले एक काम को 2 दिन में पूरा कर सकते हैं। एक साथ काम करते हुए, वे उसी काम का तीन गुना काम करने में कितना समय (दिनों में) लेंगे?

Ans
- ✘ A. 4
- ✘ B. 3
- ✔ C. 2
- ✘ D. 6

Adda247

Q.46 रमन की आय ₹91,700 है। वह अपनी आय के 20% की बचत करता है। यदि उसकी आय में 19% की वृद्धि होती है तथा व्यय में 35% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में__________ होगी।

Ans
- ✗ A. ₹8,249 की वृद्धि
- ✗ B. ₹8,252 की कमी
- ✓ C. ₹8,253 की कमी
- ✗ D. ₹8,255 की वृद्धि

Q.47 स्मार्ट बाज़ार घरेलू सामानों पर '2 खरीदें, 8 मुफ़्त पाएं' ऑफर दे रहा है। स्मार्ट बाज़ार द्वारा दी जा रही शुद्ध प्रतिशत छूट कितनी है?

Ans
- ✗ A. 82%
- ✗ B. 83%
- ✓ C. 80%
- ✗ D. 78%

Q.48 एक टाइपिस्ट को 2 पृष्ठ टाइप करने में 40 मिनट लगते हैं। वह 60 मिनट में कितने पृष्ठ टाइप करेगा?

Ans
- ✗ A. 4
- ✓ B. 3
- ✗ C. 2
- ✗ D. 5

Q.49 व्यंजक $\sqrt{\frac{1+\sin\theta}{1-\sin\theta}}$ निम्नलिखित में से किसके बराबर है?

Ans
- ✓ A. $\sec\theta + \tan\theta$
- ✗ B. $\sec\theta - \tan\theta$
- ✗ C. $\sec\theta - \cot\theta$
- ✗ D. $\mathrm{cosec}\theta + \cot\theta$

Q.50 किसी दुकानदार के पास ₹10 और ₹5 के नोट हैं, जिनकी कुल कीमत ₹350 है। यदि उसके पास कुल 45 नोट हैं, तो उसके पास ₹10 के कितने नोट हैं?

Ans
- ✓ A. 25
- ✗ B. 27
- ✗ C. 29
- ✗ D. 31

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.51 IK 6 का संबंध एक निश्चित तरीके से KF −10 से है। उसी प्रकार, GI 8 का संबंध ID −8 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, RT 12 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
- ✗ A. UO −5
- ✗ B. TP −4
- ✓ C. TO −4
- ✗ D. SO −5

Q.52 एक निश्चित कूट भाषा में, 'VALE' को '6318' के रूप में और 'OVAL' को '3761' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'O' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 6
- ✗ B. 1
- ✓ C. 7
- ✗ D. 3

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.53 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

कथन:
सभी लोमड़ी, बिल्लियाँ हैं।
कोई बिल्ली,भालू नहीं है।

निष्कर्ष:
(I): कोई लोमड़ी, भालू नहीं है।
(II): कुछ भालू, बिल्लियाँ हैं।

Ans
✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✓ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
✗ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

Q.54 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

351 335 319 303 287 ?

Ans
✗ A. 269
✗ B. 273
✓ C. 271
✗ D. 275

Q.55 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

SAT OWP KSL GOH ?

Ans
✗ A. CDK
✗ B. COK
✓ C. CKD
✗ D. CKI

Q.56 A, B, C, D, E और F एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C, E के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। A, D के दाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। F, A के ठीक दाएं पड़ोस में है। B के ठीक दाएं पड़ोस में कौन बैठा है?

Ans
✗ A. D
✗ B. E
✓ C. C
✗ D. A

Q.57 सात बॉक्स, A, B, C, D, I, J, और K, एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन यह आवश्यक नहीं है कि वे इसी क्रम में रखे गए हों।
A और C के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। K के ऊपर केवल B को रखा गया है। C के नीचे कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। J को D के नीचे किसी स्थान पर लेकिन I के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। किस बॉक्स को I के ऊपर तीसरे स्थान पर रखा गया है?

Ans
✗ A. A
✓ B. D
✗ C. K
✗ D. C

Q.58	निम्नलिखित श्रृंखला को देखें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। (बाएं) 2 8 2 2 9 9 9 4 6 4 9 7 9 6 5 1 8 6 6 1 6 6 2 7 5 2 7 (दाएं) ऐसी कितनी सम संख्याएँ हैं जिनके ठीक पहले एक विषम संख्या है और ठीक बाद भी एक विषम संख्या है?	
Ans	✗ A. 1 ✗ B. 4 ✗ C. 3 ✓ D. 2	
Q.59	रिया बिंदु A से शुरू होकर दक्षिण की ओर 34 km चलती है। फिर वह दाएं मुड़ती है, 46 km चलती है, फिर दाएं मुड़कर 51 km चलती है। फिर वह दाएं मुड़कर 67 km चलती है। वह अंत में दाएं मुड़ती है, 17 km चलती है और बिंदु P पर रुकती है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (नोट: सभी मोड़ केवल 90° के हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।)	
Ans	✗ A. पश्चिम में 20 km ✗ B. पूर्व में 19 km ✓ C. पश्चिम में 21 km ✗ D. पूर्व में 18 km	
Q.60	यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा? 5 D 4 C 40 B 3 A 1 = ?	
Ans	✗ A. 123 ✓ B. 121 ✗ C. 125 ✗ D. 127	
Q.61	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)	
Ans	✗ A. KQ – HV ✗ B. RD – OI ✓ C. MT – JZ ✗ D. SV – PA	
Q.62	उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं। (नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।) (16, 256, 16) (9, 81, 9)	
Ans	✗ A. (4, 16, 6) ✓ B. (8, 64, 8) ✗ C. (25, 625, 20) ✗ D. (12, 144, 10)	

Adda247

Q.63 निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 3 6 5 4 1 2 5 8 9 7 4 5 6 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है और ठीक बाद एक विषम अंक है?

Ans
- ✗ A. दो
- ✓ B. एक
- ✗ C. तीन
- ✗ D. चार

Q.64 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

DRA120, OCL102, ZNW84, KYH66, ?

Ans
- ✗ A. VAS48
- ✗ B. UJS48
- ✓ C. VJS48
- ✗ D. VJT48

Q.65 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथन/कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

कथन:
सभी किताबें, कलम हैं।
कुछ पेन, रबड़ हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी रबड़, पेन हैं।
(II) कुछ किताबें, रबड़ हैं।

Ans
- ✗ A. केवल I अनुसरण करता है
- ✗ B. केवल II अनुसरण करता है
- ✗ C. I और II दोनों अनुसरण करते हैं
- ✓ D. न तो I और न ही II अनुसरण करता है

Q.66 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✓ A. CL – JO
- ✗ B. UD – AG
- ✗ C. BK – HN
- ✗ D. LU – RX

Q.67 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'store what matters' को 'bf yt xc' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'don't store it' को 'hd ip xc' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'store' को कैसे कूटबद्ध किया गया है?

(सभी कूट दो-अक्षर वाले कूट हैं)

Ans
- ✗ A. ip
- ✗ B. bf
- ✓ C. xc
- ✗ D. hd

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.68 M, N, O, P, W, X और Y, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
W, O के बाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है। X, Y के बाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है। N और X दोनों का निकटतम पड़ोसी O है। P, W का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
M के दाएँ से गिनने पर, M और X के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✗ B. चार
- ✓ C. दो
- ✗ D. एक

Q.69 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 741 753 789 761 745 (दाएं)

(उदाहरण- 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जाएं।)

यदि दूसरी सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए तो परिणाम क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 11
- ✗ B. 8
- ✗ C. 6
- ✓ D. 7

Q.70 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

321 323 327 333 341 ?

Ans
- ✗ A. 349
- ✓ B. 351
- ✗ C. 353
- ✗ D. 355

Q.71 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से EFJL का संबंध HKMQ से है। उसी तरीके से, QZVF का संबंध TEYK से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, ZOEU का संबंध दिए गए विकल्पों में से किस विकल्प से है?

Ans
- ✗ A. CHZW
- ✗ B. CHTY
- ✓ C. CTHZ
- ✗ D. CTHU

Q.72 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

3 6 11 18 ?

Ans
- ✗ A. 18
- ✗ B. 24
- ✓ C. 27
- ✗ D. 22

Q.73 मि.अकाई बिंदु A से शुरू करते हैं और दक्षिण की ओर 9 km ड्राइव करते हैं। फिर वे बाएँ मुड़ते हैं, 7 km ड्राइव करते हैं, बाएँ मुड़ते हैं और 21 km ड्राइव करते हैं। फिर वे बाएँ मुड़ते हैं और 18 km ड्राइव करते हैं। अंत में वे बाएँ मुड़ते हैं, 12 km ड्राइव करते हैं और बिंदु P पर रुकते हैं। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उन्हें कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करनी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

Ans
- ✗ A. 11 km, पश्चिम में
- ✗ B. 7 km, पूर्व में
- ✓ C. 11 km, पूर्व में
- ✗ D. 7 km, उत्तर में

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.74 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

22 − 13 ÷ 21 × 39 + 48 = ?

Ans
- A. −18
- B. −19
- C. −21
- D. −17

Q.75 निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 4 8 2 8 2 3 8 3 1 3 9 1 7 3 9 7 6 2 6 6 6 8 2 (दाएं)

ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या है और ठीक बाद एक विषम संख्या है?

Ans
- A. दो
- B. चार
- C. एक
- D. तीन

Q.76 एक निश्चित कूट भाषा में,

A ? B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
A = B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' और
A √ B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'।

यदि 'C = D @ E √ F ? L' है, तो C का L से क्या संबंध है?

Ans
- A. पुत्र
- B. पिता
- C. पति
- D. भाई

Q.77 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

MKD : IJG
PTF : LSI

Ans
- A. YUN : UTQ
- B. JHE : FFH
- C. OPA : KOC
- D. NKH : JJJ

Q.78 हितेन अपनी कक्षा में ऊपर से 39वें स्थान पर और नीचे से 24वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
- A. 60
- B. 63
- C. 61
- D. 62

Q.79 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

7 B 6 C 3 D 24 A 4 = ?

Ans
- ✗ A. 38
- ✗ B. 37
- ✗ C. 36
- ✓ D. 39

Q.80 छह जानवर, भालू, लोमड़ी, जिराफ़, शेर, पांडा और बाघ, एक गोल मेज के परित:, केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। लोमड़ी, बाघ और भालू दोनों की निकटतम पड़ोसी है। बाघ, शेर के बाईं ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है। जिराफ़, पांडा के बाईं ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है। शेर के बाईं ओर से गिनने पर, शेर और बाघ के बीच कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. भालू
- ✓ B. जिराफ़
- ✗ C. पांडा
- ✗ D. लोमड़ी

Section : General Awareness and Current Affairs

Q.81 वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 वक्फ बोर्डों में कितनी मुस्लिम महिलाओं के प्रतिनिधित्व को अनिवार्य करता है?

Ans
- ✗ A. चार
- ✓ B. दो
- ✗ C. तीन
- ✗ D. एक

Q.82 जुलाई 2025 में सामूहिक विवाह के लिए कर्नाटक की ₹50,000 प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत कौन से धार्मिक समुदाय शामिल हैं?

Ans
- ✗ A. केवल SC/ST
- ✗ B. हिंदू और बौद्ध
- ✗ C. केवल मुसलमान और ईसाई
- ✓ D. मुसलमान, ईसाई, जैन, बौद्ध, पारसी और सिख

Q.83 जून 2025 में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (EAC-PM) के अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया?

Ans
- ✗ A. अरुण कुमार
- ✓ B. एस. महेंद्र देव
- ✗ C. सुमन बेरी
- ✗ D. बिबेक देबरॉय

Q.84 भारतीय विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक विजेता और 2025 में अर्जुन पुरस्कार प्राप्तकर्ता, स्वीटी बूरा किस खेल से जुड़ी हैं?

Ans
- ✗ A. भारोत्तोलन
- ✗ B. बैडमिंटन
- ✗ C. कुश्ती
- ✓ D. मुक्केबाजी

Q.85 केंद्रीय बजट 2025-26 के अनुसार, निजी क्षेत्र द्वारा संचालित अनुसंधान, विकास और नवाचार को वित्तपोषित करने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय को कितनी धनराशि आवंटित की गई है?

Ans
- ✗ A. ₹50,000 करोड़
- ✗ B. ₹25,000 करोड़
- ✓ C. ₹20,000 करोड़
- ✗ D. ₹35,000 करोड़

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.86 नीरज चोपड़ा ने जून 2025 में ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक भाला फेंक प्रतियोगिता कितनी दूरी तक भाला फेंक कर जीती?

Ans
- ✗ A. 84.10 m
- ✗ B. 86.50 m
- ✗ C. 87.00 m
- ✓ D. 85.29 m

Q.87 जुलाई 2025 में राशन वितरण के लिए आधार से जुड़े फेस रिकग्निशन का उपयोग करने वाला भारत का पहला राज्य निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य बन गया है?

Ans
- ✗ A. पंजाब
- ✗ B. हरियाणा
- ✗ C. उत्तराखंड
- ✓ D. हिमाचल प्रदेश

Q.88 एनवीस्टेट्स इंडिया 2025 के अनुसार, 2023-24 में अंतर्देशीय मत्स्य उत्पादन कितना था?

Ans
- ✗ A. 112.77 लाख टन
- ✓ B. 139.07 लाख टन
- ✗ C. 147.23 लाख टन
- ✗ D. 79.83 लाख टन

Q.89 किस भारतीय समुद्र तट पर टाइगर ट्रायम्फ 2025 के एम्फीबियस लैंडिंग फेज (amphibious landing phase) का आयोजन किया गया?

Ans
- ✗ A. कन्याकुमारी
- ✗ B. जुहू
- ✓ C. काकीनाडा
- ✗ D. पुरी

Q.90 भारत न्याय रिपोर्ट 2025 के अनुसार, भारत का एकमात्र राज्य कौन-सा है जो पुलिस और न्यायपालिका दोनों में तीनों (एससी, एसटी और ओबीसी) कोटा पूरा करता है?

Ans
- ✗ A. छत्तीसगढ़
- ✗ B. असम
- ✓ C. कर्नाटक
- ✗ D. केरल

Q.91 जून 2025 तक की स्थिति के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन, भारत में किसी भी राज्य का मुख्यमंत्री नहीं है?

Ans
- ✗ A. भजन लाल शर्मा
- ✗ B. हिमंत बिस्वा सरमा
- ✗ C. नारा चंद्रबाबू नायडू
- ✓ D. कल्वाकुंतला चंद्रशेखर राव

Q.92 2025 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में किस देश ने सर्वाधिक पदक जीते?

Ans
- ✗ A. चीन
- ✓ B. संयुक्त राज्य अमेरिका
- ✗ C. ग्रेट ब्रिटेन
- ✗ D. केन्या

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.93 मई 2025 तक IIT हैदराबाद और जापान के SSIC ने कौन-सी दीर्घकालिक वायरलेस उपलब्धि हासिल की है?

Ans
- ✗ A. प्रोटोटाइप 7G (Prototype 7G)
- ✗ B. 5G ब्रॉडकास्ट TV (5G broadcast TV)
- ✓ C. बियॉन्ड 5G और 6G SDR SoC का परीक्षण (Test of Beyond 5G and 6G SDR SoC)
- ✗ D. 100 Gbps लेजर सैटेलाइट (100 Gbps laser satellites)

Q.94 2025 में IMD ने अपनी कितने वर्षों की सेवा का जश्न मनाया?

Ans
- ✗ A. 175 वर्ष
- ✗ B. 100 वर्ष
- ✓ C. 150 वर्ष
- ✗ D. 125 वर्ष

Q.95 रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (RSF) विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2025 के अनुसार, मई 2025 में जारी सूचकांक में कौन-सा देश शीर्ष पर है?

Ans
- ✗ A. एस्टोनिया
- ✗ B. फिनलैंड
- ✗ C. स्विट्ज़रलैंड
- ✓ D. नॉर्वे

Q.96 किस वैश्विक साइबर सुरक्षा कंपनी ने अप्रैल 2025 में बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा (BFSI) क्षेत्र हेतु डिजिटल थ्रेट रिपोर्ट (Digital Threat Report) 2024 लॉन्च करने के लिए इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रेस्पांस टीम (CERT-In) के साथ सहयोग किया?

Ans
- ✗ A. कैस्परस्की लैब्स (Kaspersky Labs)
- ✓ B. एसआईएसए (SISA)
- ✗ C. नॉर्टन साइबरसिक्योर (Norton CyberSecure)
- ✗ D. मैकएफी इंटरनेशनल (McAfee International)

Q.97 IQ एयर रिपोर्ट 2024 के अनुसार, दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में भारत का स्थान निम्नलिखित में से कौन-सा है?

Ans
- ✗ A. 7
- ✗ B. 9
- ✓ C. 5
- ✗ D. 3

Q.98 निम्नलिखित में से कौन-सा देश, 2025 ईस्पोर्ट्स वर्ल्ड कप (2025 Esports World Cup) का आयोजन स्थल था?

Ans
- ✗ A. बीजिंग
- ✗ B. दुबई
- ✓ C. रियाद
- ✗ D. बर्लिन

Q.99 अप्रैल 2025 में, विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने अपनी स्प्रिंग मीटिंग किस अमेरिकी शहर में आयोजित की?

Ans
- ✗ A. लॉस एंजिलस
- ✓ B. वाशिंगटन डीसी
- ✗ C. मियामी
- ✗ D. शिकागो

Q.100 भारत की स्वचालित वायु रक्षा नियंत्रण और रिपोर्टिंग प्रणाली का नाम क्या है, जिसे मई 2025 में दुश्मन के विमानों, ड्रोन और मिसाइलों का पता लगाने, ट्रैक करने और बेअसर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है?

Ans

A. आकाशभेद

B. नाग

C. अग्निधर

D. आकाशतीर

"